उपग्रह/04/25/02/2021

## मास्क का उपयोग नहीं किए जाने पर 100 रुपए फाइन

रतलाम। जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में कोरोना संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के लिए कई निर्णय लिए गए। बैठक में जावरा विधायक राजेंद्र पाण्डेय वर्चुअल रूप से सम्मिलित हुए। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. शशि गांधी एवं विधायक शहर के प्रतिनिधि के रूप में मणिलाल जैन वर्चुअल रूप से बैठक से जुड़े थे। बैठक में कलेक्टर श्री डाड ने बताया कि कोरोना से प्रभावित राज्य महाराष्ट्र तथा अन्य राज्यों से आने वाले यात्रियों की बॉर्डर पर ही चेकिंग की जाकर थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी। विधायक डा. पाण्डेय द्वारा मास्क अनिवार्य करने तथा स्पॉट फाइन किए जाने संबंधी सुझाव दिए गए। बैठक में बताया गया है कि जिले के संपूर्ण नगरीय क्षेत्रों में मास्क का उपयोग नहीं किए जाने वालों के विरुद्ध पूर्व की भांति चालानी कार्रवाई की जाकर 100 रुपए स्पॉट फाइन किया जाएगा तथा 2 मास्क दिए जाएंगे। चालानी कार्रवाई के लिए राजस्व, पुलिस तथा निकायों के अधिकारी, कर्मचारी अधिकृत रहेंगे।

# स्वच्छता में ही समझदारी, दूर रहेगी कई बीमारी-सहायक आयुक्त

**दैनिक अवंतिका** ● रतलाम

हर एक व्यक्ति एक सेहतमंद जिंदगी की तलाश करता है। कोरोना काल में इसकी समझ और बेहतर तरीके से हो गई है। एक स्वस्थ और तंदुरुस्त जिंदगी सबसे ज्यादा जरूरी है। वैसे भी हम में से कोई भी बीमार नहीं पडना चाहता है। कहते हैं कि इलाज करवाने से बेहतर है कि हम सही एहतियात बरतें ताकि बीमारी हमें छू भी न पाए। इसके लिए हमें समझदारी के साथ स्वच्छता की और कदम बढ़ाने की जरूरत है।

उक्त विचार नगर निगम के सहायक आयुक्त विकास सोलंकी ने सोमवार को हाकिमवाड़ा स्थित एम पब्लिक स्कूल में स्वच्छता जागरुकता सह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के अवसर पर व्यक्त किए।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के अवसर पर वरिष्ठ पूर्व पार्षद मुन्नालाल शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग शहर परियोजना क्रमांक-1 की पर्यवेक्षक सुश्री उषा लिम्बोदिया उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत स्कूल परिवार की नेहा चावरे,शालमा व अनिल पांचाल ने किया इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने कहा कि एक सेहतमंद जिंदगी और निरोगी काया के लिए स्वच्छता का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। नगर निगम अपने स्तर से सफाई व्यवस्था में निरन्तर प्रयास किया है और इस प्रयास में सफलता भी निरन्तर मिल रही है। इन दिनों कोविड-19 के साथ ही अन्य बीमारियों का प्रकोप



चल रहा है। मलेरिया, डेंगू, टाईफाईड, बुखार सहित अन्य बीमारियों के रोगी बढने लगे है। इनमें से अनेक रोगों का सीधा संबध साफ सफाई से है। ऐसे में जरूरी है कि नागरिक अपने घर की सफाई के साथ ही आसपास की सफाई का भी ध्यान रखे और सतर्क रहे।

वरिष्ठ पूर्व पार्षद श्री मुन्नालाल शर्मा ने कहां कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत हमें रतलाम शहर को नम्बर-1 बनाने के प्रयास पुरजोर तरीके से करना चाहिए। अगर समय रहते हमने अपने इन प्रयासों को तेज कर दिया तो आने वाले समय में रतलाम का नाम देश में स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 रहेगा।उन्होंने कहां कि नगर पालिक निगम का अमला सफाई व्यवस्था को लेकर सजग है विशेषकर नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया खुद स्वच्छता के मामले को गंभीरता से ले रहे है। उन्ही के प्रयासों से रतलाम के कई कोनो और हिस्सों में तीस-तीस साल से जमा अस्थायी कचरा स्थलों को साफ करवाया है जहां दोबारा कचरा न डाला जाए इसके लिए रांगोली का निर्माण और दीपदान कराया जा रहा है। रांगोली और दीपदान नागरिकों के साथ ही इधर-उधर कचरा फेकने वालों में भी सकारात्मक भाव भर रहे है।

श्री शर्मा ने कहां कि स्वच्छता अभियान महज नगर पालिक निगम का अभियान न बने बल्कि इसे स्वच्छता आंदोलन माना जाए जिसमें शहरवासियों के लाखों हाथ आहूति दे।स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के तहत यहां विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मेंहदी प्रतियोगिता के दौरान किशोरी बालिकाओं व महिलाओं ने अपने हाथों पर मेंहदी रचा कर स्वच्छता का संदेश दिया। मेंहदी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए आलीना, रेहनुमा, साराखान रांगोली प्रतियोगिता के लिए चांदनी बी, रेशमा बी, शगुफ्ता हुसैन, निबंध प्रतियोगिता में राहेमीन, अलफेज और सुमाईला को बालपेन और प्रमाणपत्र देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। इसी तरह भाषण और अन्य स्पधाओं के लिए अनिता शर्मा, स्वालेहा खान, कामना व्यास, नसीम बानो, सविता जोशी,ब्रजबाला, प्रेमलता सैनी, सुनिता सोलंकी, सविता राठोर, नसीम बानो, शीला परमार, कायनात, ताहिरा बी, जितेन्द्र कुंवर, संतोष डोई, विमला राय, कोकिला सिसोदिया और नीता परमार को भी अतिथियों ने सम्मानित किया।

इन्दौर समाचार / 15 / 24/02/2021

## निर्वाचन सूचना प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण 25 फरवरी को

**रतलाम।** आगामी नगरीय निकायों पंचायत निर्वाचन के संदर्भ में निर्वाचन सूचना प्रबंधन हेतु आईटी प्रभारियो तथा आईटी सहायकों का प्रशिक्षण नवीन कलेक्टेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। दोपहर 12 बजे से आयोजित होने वाले प्रशिक्षण के संबंध में सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को निर्देश जारी किए गए है।

## कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत दूसरा डोज़ लगना प्रारंभ



सीएमएचओ, सिविल सर्जन, डीपीएम, जिला मलेरिया अधिकारी और अन्य स्टाफ ने दूसरा टीका लगवाया गया

**रतलाम।** जिले में सोमवार को कोविड-19 टीकाकरण की दूसरी खुराक इंजेक्शन के रूप में दी जाना शुरू कर दी गई है। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, डीपीएम डॉ. अजहर अली, सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति, लेखापाल नवीन नागर, स्टाफ नर्स तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारियों ने कोविड-19 टिका लगवाया। टीकाकरण के दौरान कुल 144 अधिकारी, कर्मचारियों को बाल चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज में दूसरा टीका लगाया गया। वहीं रतलाम शहर के पुराना कलेक्टरेट और रेलवे हॉस्पिटल में नए फ्रंटलाइन वर्कर को पहला टीका लगाया गया। पहला टीका लगवाए गए कुल कर्मचारियों की संख्या 102 रही। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ननावरे ने टीकाकरण के बाद भी नियमित रूप से मास्क लगाने अपने हाथ धोने और 2 गज की दूरी का पालन करने की सलाह दी है। इन्दौर-24

## कोरोना संक्रमण से बचाव की गाइड लाइन का पालन करें : कलेक्टर

**रतलाम।** कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि कोरोना से बचाव की गाइड लाइन का पालन करें। उन्होंने कहा कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। अभी कुछ समय में कोरोना संक्रमण से प्रभावित मरीजों की संख्या में बढोत्तरी हो रही है। कोरोना संक्रमण को रोकने के लिये जरूरी है कि घर से बाहर निकलें तो मास्क अवश्य लगाये, सार्वजनिक, भीड़-भाड वाली जगहों पर जाने से बचे, चेहरे से मास्क नहीं हटाये। विशेषकर बात करते समय मास्क लगाये रखें, सार्वजनिक जगहों पर दो गज की दूरी बनाकर रखें, सर्दी, खांसी, बुखार आने पर कोरोना की जाँच तुरंत करायें एवं अन्य लोगों से दूरी बनाकर रखें। 24

## कोविड-वैक्सीनेशन में छूटे कर्मियों का शीघ्र वैक्सीनेशन कराने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए

**रतलाम।** जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कोविड-वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा एक बैठक में की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व विभाग के जो भी कर्मी टीकाकरण से छूटे हुए हैं, उनको वैक्सीनेशन सेंटर पर लाया जाकर टीका लगवाया जाए। आलोट क्षेत्र की जानकारी में बताया गया कि अधिकांश राजस्वकर्मियों द्वारा टीका लगवा लिया गया है। कोटवारों का टीकाकरण बाकी है। रतलाम शहर तथा रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के 251 राजस्वकर्मियों को टीका नहीं लगा है। जावरा में भी नगरपालिका तथा राजस्व विभाग के कुछ कर्मियों का टीकाकरण नहीं हुआ है। बाजना क्षेत्र में भी शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य पूरा नहीं हुआ है। इन्दौर-24

## कोविड-वैक्सीनेशन में छूटे कर्मियों का शीघ्र वैक्सीनेशन कराने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए

रतलाम। जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कोविड-वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड द्वारा एक बैठक में की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व विभाग के जो भी कर्मी टीकाकरण से छूटे हुए हैं, उनको वैक्सीनेशन सेंटर पर लाया जाकर टीका लगवाया जाए। आलोट क्षेत्र की जानकारी में बताया गया कि अधिकांश राजस्वकर्मियों द्वारा टीका लगवा लिया गया है। कोटवारों का टीकाकरण बाकी है। रतलाम शहर तथा रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के 251 राजस्वकर्मियों को टीका नहीं लगा है। जावरा में भी नगरपालिका तथा राजस्व विभाग के कुछ कर्मियों का टीकाकरण नहीं हुआ है। बाजना क्षेत्र में भी शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य पूरा नहीं हुआ है। स्वदेश-24

## कोविड-वैक्सीनेशन में छूटे कर्मियों का शीघ्र वैक्सीनेशन कराने के निर्देश

रतलाम । जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कोविड-वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड द्वारा एक बैठक में की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व विभाग के जो भी कर्मी टीकाकरण से छूटे हुए हैं, उनको वैक्सीनेशन सेंटर पर लाया जाकर टीका लगवाया जाए।आलोट क्षेत्र की जानकारी में बताया गया कि अधिकांश राजस्वकर्मियों द्वारा टीका लगवा लिया गया है। कोटवारों का टीकाकरण बाकी है। रतलाम शहर तथा रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के 251 राजस्वकर्मियों को टीका नहीं लगा है। जावरा में भी नगरपालिका तथा राजस्व विभाग के कुछ कर्मियों का टीकाकरण नहीं हुआ है। बाजना क्षेत्र में भी शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य पूरा नहीं हुआ है। 24

## कोविड टीकाकरण अंतर्गत 215 लोगों को वैक्सीन की प्रथम खुराक लगाई

**रतलाम।** जिले में कुल 6 टीकाकरण केन्द्रों पर कोविड टीकाकरण अंतर्गत 215 लोगों को वैक्सीन की प्रथम खुराक इंजेक्शन के रूप में लगाई गई। सी एम एच ओ ने बताया कि जिले में आलोट, पिपलौदा जावरा, बाजना, सैलाना और बाल चिकित्सालय पर शेष बचे हितग्राहियों को टीके लगाने के लिए सत्रों का आयोजन किया गया, जबकि आज के सत्रों में दूसरी डोज प्रदान नहीं की गई।

स्वदेश / 09 / 25/02/2021

## स्वच्छता का संदेश व मास्क वितरण के साथ रोटरी स्थापना दिवस मनाया



रतलाम ● रोटरी क्लब रतलाम सेंट्रल द्वारा रोटरी का 116वां स्थापना दिवस पर रोटरी गार्डन पर स्वच्छता की शपथ दिलाकर व मास्क वितरण किया गया। हमारा भारत स्वच्छ हो, हमारा शहर स्वच्छ हो व रतलाम नम्बर एक पर आए इस हेतु सामूहिक प्रयास हो, इसकी शपथ रोटरी सदस्यों व नागरिकों को दिलाई गई । शपथ पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र गादि[illegible] दिलवाई। इस अवसर पर रोटरी सेंट्रल अध्यक्ष मनीष तलेरा व सचिव रोहित रुनवाल ने लोगों से स्वच्छता अपनाने व कोरोना से बचाव के साधनों का लगातार उपयोग करते रहने हेतु आव्हान किया । इस कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष यशवंत पावेचा ,राजेन्द्र गादिया, उपाध्यक्ष प्रदीप श्रीमाल,श्याम विन्चुरकर अश्विनी शर्मा ,वीरेन्द्र जैन ,अभय मेहता,बीएल मेहता समेत कई सदस्य उपस्थित थे । साथ ही वहां उपस्थित सुरेश यादव ने स्वच्छता पर बहुत ही ऊर्जावान रचना प्रस्तुत कर सब में उत्साह का संचरण कर दिया।

स्वदेश

## रंगो से दिया स्वच्छता का सदेश, बच्चे बोले स्वच्छ बनाएगे रतलाम



रतलाम । शहर के काटजू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के संगीत महाविद्यालय में रविवार को स्वच्छता संकल्प देश का हर रविवार की विशेष थीम गंदगी पर प्रहार- हम है तैयार कार्यक्रम हुआ जिसमे स्कूली बच्चो ने पेंटिग, स्लोगन आदि स्पर्धाओं के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि हम सभी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास करेगे।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, पूर्व पार्षद काकानी सोश्यल वेलफेयर फाउंडेशन के श्री गोविंद काकानी, सहायक यंत्री श्री एम.के. जैन, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह, श्री शैलेन्द्र गोठवाल, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान, संगीत विद्यालय प्राचार्य रेखा गंधे, कोषाध्यक्ष श्री सुनील लाठी, श्री अरविन्द मिश्रा, श्री त्रिवेदी की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत मां. सरस्वती के पूजन व दीप प्रज्जवलन से हुई। सरस्वती वंदना छात्रा वंशिका ने प्रस्तुत की। इस मौके पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वच्छ सर्वेक्षण -2021 से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए स्वच्छता का महत्व समझाया। उन्होने कहा नागरिको की थोड़ी सी जागरुकता और समझदारी रतलाम शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 बना सकती हैं। श्री झारिया उपस्थित छात्र- छात्राओ से स्वच्छता से जुड़े सवाल भी पूछे जिसका बच्चो ने सही जवाब दिया। यहां बच्चों ने स्वच्छता पर आधारित स्लोगन और आकर्षक पेंटिग भी प्रस्तुत की जो काफी सराही गई। २१७

## स्वच्छता का संदेश व मास्क वितरण के साथ रोटरी गार्डन पर रोटरी स्थापना दिवस मनाया



रतलाम। रोटरी क्लब रतलाम सेंट्रल द्वारा आज रोटरी के 116 वा स्थापना दिवस पर रोटरी गार्डन पर स्वच्छता की शपथ दिलाकर व मास्क वितरण किया गया। हमारा भारत स्वच्छ हो हमारा शहर स्वच्छ हो व रतलाम नम्बर एक पर आए इस हेतु सामूहिक प्रयास हो, इसकी शपथ रोटरी सदस्यों व नागरिकों को दिलाई गई । शपथ पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र गादिया ने दिलवाई। इस अवसर पर रोटरी सेंट्रल अध्यक्ष मनीष तलेरा व सचिव रोहित रुनवाल ने लोगो से स्वच्छता अपनाने व कोरोना से बचाव के साधनों का लगातार उपयोग करते रहने हेतु आव्हान किया। इस कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष यशवंत पावेचा, राजेन्द्र गादिया, उपाध्यक्ष प्रदीप श्रीमाल, श्याम विन्चुरकर अश्विनी शर्मा, वीरेन्द्र जैन, अभय मेहता, बी एल मेहता समेत कई नागरिक गण उपस्थित थे। २१७

## स्वच्छता संदेश के साथ रोटरी स्थापना दिवस मनाया



रतलाम | रोटरी क्लब रतलाम सेंट्रल ने रोटरी के 116वां स्थापना दिवस मंगलवार को मनाया। रोटरी गार्डन में स्वच्छता की शपथ दिलाने के साथ ही मास्क बांटे। रोटरी सेंट्रल अध्यक्ष मनीष तलेराव, सचिव रोहित रुनवाल, महेंद्र गादिया, यशवंत पावेचा, राजेंद्र गादिया, प्रदीप श्रीमाल सहित अन्य मौजूद रहे।

3 अग्रह / 13 / 25/02/2021

# नगर निगम ने सीएम हेल्प लाइन को बनाया मजाक

रतलाम। स्थानीय स्तर पर समस्याओं की सुनवाई नहीं होने पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा शुरू कराई गई-सीएम हेल्प लाइन-रतलाम में मजाक बनी हुई है। इसमें शिकायत करने वालों पर -दुबले को दो आषाढ-वाली कहावत चरितार्थ हो रही है, क्योंकि पहले तो उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा और दूसरे सीएम हेल्प लाइन की शिकायत वापिस लेने के दबाव के साथ-साथ उन्हें अनचाहे फोन काल के दंश झेलना पड़ रहे हैं।

अकेले नगर निगम ही नहीं, अन्य विभागों के भी यही हाल हैं, लेकिन नगर निगम से चूंकि लोगों का वास्ता रोज पड़ता है, इसलिए वे अधिक परेशान हो रहे हैं। निगम के संपत्तिकर विभाग और विकास शाखा भ्रष्टाचार के अड्डे बने हुए हैं। कहने को नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पिछले महीने संपत्तिकर विभाग में पूरे स्टाफ को बदल डाला था, लेकिन स्थिति जस की तस है। इन विभागों में जहां संपत्तियों के नामांतरण, लीज नवीनीकरण और नामांतरण जैसे प्रकरण आते रहते हैं, लेकिन उन पर कोई अधिकारी हस्ताक्षर करने को तैयार नहीं है। इससे लंबित प्रकरणों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे ही प्रकरणों में नगर निगम के चक्कर लगा-लगाकर परेशान शहरवासी जब सीएम हेल्प लाइन में शिकायत करते हैं, तो निगम का अमला शासन और शिकायतकर्ता को भ्रमित कर शिकायत समाप्त करने का प्रयास करता है। इससे सीएम हेल्प लाइन की सार्थकता पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

निगम सूत्रों के मुताबिक वर्तमान में नामांतरण के सैकड़ों प्रकरण लंबित हैं। पूर्व में एक महिला अधिकारी प्रत्येक नामांतरण पर रजिस्ट्री देखकर हस्ताक्षर करने के लिए 1 प्रतिशत शिष्टाचार शुल्क की मांग करने लगी थी, जिस पर काफी हंगामा मचा, तो आयुक्त ने एक बाबू को निलंबित कर विभाग का प्रभार बदल दिया था। नए प्रभारी ने भी बाद में फाइलों पर हस्ताक्षर नहीं किए और असुविधा बताते हुए प्रभार छोड़ दिया। फाइलों पर हस्ताक्षर के लिए निगम में अब भी काफी मशक्कत चल रही है। इससे आम लोगों के काम अटके हुए हैं। सीएम हेल्प लाइन में

..शेष पृष्ठ 2 पर

पृष्ठ 1 का शेष सीएम हेल्प

शिकायत करने वाले आवेदकों के काम भी नहीं हो रहे हैं, जिससे इसमें शिकायत करने का भी कोई औचित्य नहीं रह गया है।

## महापौर राज से बदतर प्रशासक राज

शहरवासियों की माने, तो नगर निगम में महापौर के कार्यकाल में भी काफी भ्रष्टाचार रहा, लेकिन वर्तमान हालातों को देखते हुए लगता है कि प्रशासक से तो वही राज ठीक था। उसमें ले-देकर लोगों के काम हो जाते थे, लेकिन इन दिनों सिर्फ काम अटकाए जा रहे हैं। कुछ काम पेचीदगियों वाले हो सकते हैं, लेकिन उनके चक्कर में आसान से काम भी नहीं हो रहे हैं। निगम में एजेंटी का काम खूब फल-फूल रहा है। सीधे तौर पर कोई आवेदक अपना काम लेकर जाता है तो, उसे चक्कर खिला-खिलाकर परेशान कर दिया जाता है और एजेंट को काम देने वाले का काम हो जाता है। कई कामों में तो निगम का अमला साफ कह रहा है कि जनप्रतिनिधि नहीं है, इसलिए अभी काम नहीं होगा। काम के लिए लोगों को चुनाव होने का इंतजार करने को भी कहा जा रहा है। इससे जाहिर है कि जैसा भी था, लेकिन नगर निगम में प्रशासक के बजाए महापौर का राज ही ठीक था।

प्रसारण / 06 / 25/02/2021

## जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक संपन्न

# नगरीय क्षेत्रों में मास्क का उपयोग नहीं किए जाने पर 100 रुपए फाइन किया जाएगा



प्रसारण न्यूज * रतलाम

कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में कोरोना संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के लिए कई निर्णय लिए गए।

बैठक में जावरा विधायक राजेंद्र पांडे वर्चुअल रूप से सम्मिलित हुए। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, सी एम एच ओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, शहर के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, व्यक्ति तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. शशि गांधी एवं विधायक शहर चैतन्य काश्यप के प्रतिनिधि के रुप में मणिलाल जैन वर्चुअल रूप से बैठक से जुड़े थे।

बैठक में कलेक्टर श्री डाड ने बताया कि कोरोना से प्रभावित राज्य महाराष्ट्र तथा अन्य राज्यों से आने वाले यात्रियों की बॉर्डर पर ही चैकिंग की जाकर थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी। विधायक डॉ. पांडे द्वारा जिले में कोरोना प्रकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। कलेक्टर ने बताया कि जिले के शहरी क्षेत्रों में कोरोना प्रकरणों में धीमी गति से वृद्धि हो रही है, जिससे बचाव किया जाना आवश्यक है। विधायक डॉ. पांडे द्वारा मास्क अनिवार्य करने तथा स्पॉट फाइन किए जाने संबंधी सुझाव दिए गए।

बैठक में बताया गया है कि जिले के संपूर्ण नगरीय क्षेत्रों जिनमें नगर निगम, नगर पालिकाएं, नगर परिषद सम्मिलित है, वहां मास्क का उपयोग नहीं किए जाने वालों के विरुद्ध पूर्व की भांति चालानी कार्रवाई की जाकर 100 रुपए स्पॉट फाइन किया जाएगा तथा 2 मास्क दिए जाएंगे। चालानी कार्रवाई के लिए राजस्व, पुलिस तथा निकायों के अधिकारी, कर्मचारी अधिकृत रहेंगे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि मेले अथवा सार्वजनिक आयोजनों के लिए एस डी एम, तहसीलदार द्वारा स्थल निरीक्षण किया जाकर मौका अनुसार एस डी एम द्वारा मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग एवं सैनिटाइजर आदि की अनिवार्यता के साथ अनुमति दी जाएगी। कोरोना से बचाव के लिए लोगों को रात्रि 11 से सुबह 5 बजे तक अति आवश्यक कार्य हो, तभी निकलने की अपील की गई है तथा मास्क, सैनिटाइजर एवं सोशल डिस्टेंसिंग पालन करने हेतु विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों की थर्मल स्कैनिंग की जाएगी एवं मास्क नहीं पहनने वालों से 100 रुपए अर्थदंड वसूली हेतु रेलवे के अधिकारियों, कर्मचारियों को अधिकृत किया जाएगा।

बस स्टैंड पर आने वाले प्रत्येक यात्री की थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी तथा सभी बस आपरेटर ध्यान देंगे कि बस में बैठे सभी यात्रियों द्वारा मास्क का उपयोग किया जा रहा है। वैवाहिक समारोह में आने वाले सभी व्यक्ति मास्क का उपयोग करेंगे। कैटरर्स तथा अन्य सर्विंग स्टॉफ आदि को कोरोना टेस्ट किए जाने पश्चात ही कार्य पर लिया जाएगा। इस बात का विशेष ध्यान संबंधित ठेकेदार द्वारा रखा जाएगा।

बैंकों तथा सार्वजनिक स्थानों पर मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा। सभी शासकीय, गैरशासकीय कार्यालयों में मास्क का उपयोग अनिवार्य होगा। प्रसारण

## कोरोना संक्रमण से बचाव की गाइड लाइन का पालन करें

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि कोरोना से बचाव की गाइड लाइन का पालन करें। उन्होंने कहा कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। अभी कुछ समय में कोरोना संक्रमण से प्रभावित मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए जरूरी है कि घर से बाहर निकलें तो मास्क अवश्य लगाएं, सार्वजनिक, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचे, चेहरे से मास्क नहीं हटाएं। विशेषकर बात करते समय मास्क लगाएं रखें, सार्वजनिक जगहों पर दो गज की दूरी बनाकर रखें, सर्दी, खांसी, बुखार आने पर कोरोना की जांच तुरंत कराएं एवं अन्य लोगों से दूरी बनाकर रखें। कलेक्टर श्री डाड ने कहा है कि कोरोना का संक्रमण जिले में नहीं फैले। संक्रमण से बचाव के कुछ बहुत ही आसान और सरल उपाय है। लोगों को यह सुनिश्चित करना है कि मास्क लगाकर रखें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें, अनावश्यक चीजों को ना छूएं, भीड़-भाड़ वाली जगह पर ना जाएं और लोगों से दो गज की दूरी बनाकर रहें।

# मप्र में नहीं लगेगा लॉकडाउन

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। प्रदेश में कोरोना के बढ़ते प्रकरणों को देखते हुए सरकार अलर्ट मोड में आ गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कलेक्टरों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फिर बात की। इंदौर, भोपाल, बैतूल, जबलपुर व छिंदवाड़ा में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि आर्थिक गतिविधियां प्रभावित न हों, इसलिए प्रदेश में लॉकडाउन नहीं किया जाएगा। सीमावर्ती क्षेत्रों के मजदूर काम करने के लिए अन्य राज्य न जाएं, उन्हें मनरेगा के तहत गांव में ही काम दिलाया जाएगा। सभी से अनिवार्य रूप से मास्क लगाने, पर्याप्त शारीरिक दूरी का पालन करने की अपील की। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भी कहा कि बीमारी आम और खास को देखकर नहीं आती है। मास्क सभी को लगाना चाहिए।



शिवराज सिंह चौहान

**रोको-टोको की रणनीति अपनाई जाए :** मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश दिए कि जिन जिलों में कोरोना के प्रकरण बढ़ रहे हैं, वहां सावधानी बरती जाए। वरिष्ठ प्रभारी अधिकारी सतर्कता बरतें। प्रभार वाले जिलों की लगातार निगरानी हो। जागरूकता के लिए कलेक्टर अभियान चलाएं। रोको-टोको की रणनीति अपनाई जाए। आपदा प्रबंधन समूह की बैठक करके कोरोना नियंत्रण संबंधी निर्णय लें। इस दौरान बताया गया कि इंदौर में 139, भोपाल में 70, बैतूल में 15, जबलपुर में 14 तथा छिंदवाड़ा में नौ नए प्रकरण आए हैं। इंदौर की पॉजिटिविटी रेट 6.6 और भोपाल की 4.5 प्रतिशत है।

### सीएम ने किया स्पष्ट

- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए की समीक्षा
- इंदौर, भोपाल, बैतूल, जबलपुर और छिंदवाड़ा में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश
- मजदूरों को प्रदेश में ही दिलाएंगे काम, मजदूरी के लिए न जाएं बाहर

### मेले स्थगित, महाराष्ट्र से आने वालों की हो जांच

बैठक में बताया गया कि कोरोना के प्रकरण बढ़ने पर पचमढ़ी, बैतूल और छिंदवाड़ा में लगने वाले मेले स्थगित कर दिए हैं। बालाघाट, सिवनी, बैतूल आदि सीमावर्ती जिलों से मजदूर प्रतिदिन महाराष्ट्र काम करने के लिए जाते हैं। इन्हें गांव में ही मनरेगा के तहत काम दिलाया जाए। महाराष्ट्र से आने वाले लोगों की जांच प्रदेश की सीमा पर अनिवार्य रूप से की जाए। तय किया गया कि कोरोना निगेटिव व्यक्तियों को ही प्रदेश में प्रवेश दिया जाएगा। इसी बीच, प्रदेश में कोरोना के सक्रिय प्रकरणों की संख्या 2,270 हो गई है। 344 नए प्रकरण आए हैं। वहीं, 223 मरीज ठीक हुए हैं।

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग 8 को

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में 8 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई है। मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त कलेक्टर्स, कमिश्नर्स, पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस महानिरीक्षकों से संवाद करेंगे।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में विगत 8 फरवरी को आयोजित कलेक्टर्स, कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही आंगनवाड़ी में पोषण आहार एवं पूरक पोषण आहार के वितरण की समीक्षा, कुपोषण से मुक्ति के लिए अपनाई गयी रणनीति के क्रियान्वयन की समीक्षा, माफिया के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही एवं आगा
ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जल संरक्षण एवं प्रबं
तथा कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की जायेग
फ्रंट लाईन वर्कर्स को कोविड टीकाकरण कार्यक्रम
चर्चा एवं गेहूँ उपार्जन की समीक्षा होगी। मैदानी अम
की फील्ड में उपस्थिति के संबंध में प्रस्तावित योजना
चर्चा, शासकीय भूमियों पर होने वाले अतिक्रमण
पहचान के संबंध में प्रस्तुतिकरण एवं सीएम हेल्पला
को विश्लेषणात्मक टूल के रूप में उपयोग करने
विषय में प्रस्तुतिकरण सहित अन्य बिन्दुओं की समी
की जाएगी।

तेज / 02 / 24/02/2021

# निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा दीनदयाल रसोई केन्द्रों का निरीक्षण

रतलाम । माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान की पहल पर दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के तहत हर गरीब को सस्ता व पौष्टीक भोजन उपलब्ध कराने हेतु निगम द्वारा सिविक सेन्टर व त्रिपोलिया गेट पर प्रारंभ किये जाने वाले रसोई केन्द्र का निगम आयुक्त श्री झारिया ने निरीक्षण किया।

सिविक सेन्टर स्थित रसोई केन्द्र क्रमांक 1 के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि खाद् सामग्री की सफाई करवाई जाये साथ ही केन्द्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, शेष रंगाई पुताई आदि का कार्य 24 फरवरी तक पूर्ण करवा लिया जाये। इसके अलावा रसोई केन्द्र के सामने समतलीकरण व साफ-सफाई के भी निर्देश संबंधित को दिये। रसोई केन्द्र क्रमांक 2 त्रिपोलिया गेट के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि केन्द्र में किये जा रहे मरम्मत, रंगाई-पुताई, बैठक सहित अन्य कार्य 2 दिवस में पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित को दिये।

जनमत की आवाज / 17 / २२/०२/२०२१

# रतलाम नगर शीघ्र होगा झुग्गी मुक्त, प्रत्येक झुग्गीवासी को मिलेगा फ्लेट – काश्यप

रतलाम । रतलाम नगर प्रत्येक झुग्गीवासी व आवासहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित फ्लेट दिये जाने के लिए हम कटिबद्ध है तथा इस पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। झुग्गीवासियों कोफ्लेट मिलने के बाद रतलाम नगर झुग्गी मुक्त होगा।

उक्त उद्गार विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप ने नगर निगम रतलाम एवं रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वाधान में मनाये जा रहे रतलाम स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के अवसर पर व्यक्त किये उन्होने कहा कि नगर का चंहुमुखी विकास तभी होगा जब शहर के प्रत्येक झुग्गीवासी, गरीब व आवासहीन परिवारों का अपना स्वंय का पक्का मकान हो। व्यक्ति



के पास स्वंय का मकान होने पर स्वंयमेव ही उस परिवार का विकास होता है। प्रत्येक व्यक्ति का जब विकास होता है तो नगर का भी विकास होता है। जनमत की आवाज २२

श्री काश्यप ने कहा कि रतलाम नगर को पुनः मालवा का प्रमुख व्यापारिक एवं औद्योगिक केन्द्र बनाने के लिये तेजी कार्य किया जा रहा है जिसमे नगर में उद्योग व व्यापार की अवधारणाए बन रही है। नगर में उद्योग लगने से नगर के युवाओ को अपने ही नगर में ही रोजगार उपलब्ध होगा व व्यापार बढ़ेगा। उन्होने कहा कि रतलाम राज्य की स्थापना बसंत पंचमी पर आज ही के दिन हुई थी हम सभी को मिलकर रतलाम के गौरव के लिये रतलाम नगर की वर्षगांठ धूमधाम से मनाना चाहिये क्योंकि वर्षगांठ गौरव का विषय होता है।

पत्रिका / 05 / 25/02/2021

नगर निगम का शहर में दोहरा रवैया

# निगम के जवाबदेह ही नहीं पहन रहे मास्क, आमजन पर लगा रहे जुर्माना



रतलाम. शहर में बगैर मास्क के पाए जाने पर 100 रुपए जुर्माना के आदेश जारी हो गए हैं। निगम का स्वास्थ्य विभाग लोगों पर जुर्माना लगा भी रहा है। वहीं जिनकी जवाबदेही नियम पालने की है, वे ही नियम तोड़कर सार्वजनिक आयोजन में शामिल हो रहे हैं। हाकिमवाड़ा स्थित एक स्कूल में नगर निगम उपायुक्त विकास सोलंकी, स्वास्थ्य प्रभारी एपीसिंह व भाजपा के वरिष्ठ नेता मुन्नालाल शर्मा बगैर मास्क के आयोजन में शामिल हुए हैं।

## यह बोले आयोजन में

हर एक व्यक्ति एक सेहतमंद जिंदगी की तलाश करता है। कोरोना काल में इसकी समझ और बेहतर तरीके से हो गई है। एक स्वस्थ और तंदुरुस्त जिंदगी सबसे ज्यादा जरूरी है। वैसे भी हम में से कोई भी बीमार नहीं पड़ना चाहता है। यह बात नगर निगम के सहायक आयुक्त विकास सोलंकी ने सोमवार को हाकिमवाड़ा स्थित स्कूल में स्वच्छता जागरुकता सह स्वास्थ्य परीक्षण पर व्यक्त किए। स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने कहा कि इन दिनों कोविड-19 के साथ ही अन्य बीमारियों का प्रकोप चल रहा है। पूर्व पार्षद मुन्नालाल शर्मा ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत हमें रतलाम शहर को नम्बर-1 बनाने के प्रयास पुरजोर तरीके से करना चाहिए। मेंहदी प्रतियोगिता के दौरान किशोरी बालिकाओं व महिलाओं ने मेंहदी रचा कर स्वच्छता का संदेश दिया। आलीना, रेहनुमा, साराखान, रांगोली के लिए चांदनी बी, रेशमा बी, शगुफ्ता हुसैन, निबंध में राहेमीन, अलफेज और सुमाईला को बालपेन और प्रमाणपत्र देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। भाषण और अन्य स्पर्धाओं के लिए अनिता शर्मा, स्वालेहा खान, कामना व्यास, नसीम बानो, सविता जोशी,ब्रजबाला, प्रेमलता सैनी, सुनिता सोलंकी, सविता राठौर, नसीम बानो, शीला परमार, कायनात, ताहिरा बी, को भी अतिथियों ने सम्मानित किया।

पत्रिका

सिंघम टाईम्स / 11 / 24/02/2021

## पाइप लाइन फूटने से बहा पानी

सिंघम 24



सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम

इन दिनों शहर के कई हिस्सों में सीवरेज का काम चल रहा है। लक्ष्मण पुरा में भी सीवरेज के काम के दौरान पानी की पाइप लाइन फूट गई। इस कारण यहां पानी बह रहा है। क्षेत्रवासियों ने पाइप लाइन को दुरुस्त करने की मांग की।

## अमृत सागर झील को साफ कराने हेतु अनूठी मुहिम



सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम

अमृत सागर झील में सालो से पड़ी हुई गंदगी को साफ कराने के लिए और भव्य शिव जी की मूर्ति स्थापित करने के लिए रतलाम के पहलवानों ने अब अनूठी मुहिम छेड़ दी है। कार्तिक अखाड़े के संचालक सत्यनारायण शर्मा ( सत्तू पहलवान ) के नेतृत्व में रोज सुबह 7 बजे सभी पहलवान एवं जनता हाथों में धर्म ध्वजा लेकर अमृत सागर झील के 3 चक्कर रोज लगाते है। फिर भी अभी तक झील के सौंदर्यकरण के लिए कार्य शुरू नहीं हो सका। सिंघम - 24

अग्निबाण(?) / 04 / 25/02/2021

# नागरिक ही बना सकते हैं रतलाम को स्वच्छ सर्वेक्षण में नम्बर 1 - कलेक्टर

**रतलाम**। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 की जमीनी तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ कलेक्टोरेट सभागृह में निगम अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री डाड ने निर्देशित किया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 निकट है इस हेतु सभी अपनी-अपनी तैयारियों में जुट जायें इस हेतु कर्मचारियों को पाबंद किये जाने हेतु ड्यूटी लगाई जाये।

इसके अलावा श्री डाड ने निर्देशित किया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में आम नागरिकों की भूमिका अहम है इस हेतु नागरिकों को इससे जोड़े जाने हेतु आई.ई.सी. गतिविधि में तेजी लाई जाकर नागरिकों से सीधे संपर्क किया जाये व स्वच्छता हेतु तेजी से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये।

बैठक में कलेक्टर श्री डाड ने निर्देशित किया कि नगर में ऐसे दुकानदार जो कि दुकान बंद करते समय कचरे को अपनी दुकानों में रख लेते हैं व सुबह कचरे को सड़क या खुले में फेंक देते हैं ऐसे दुकानदारों की दुकानें सील की जायें।

कलेक्टर श्री डाड ने स्टार रेटिंग व स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा कर आगामी कार्ययोजना नियोजित की। इसके अलावा 5 स्टार रेटिंग हेतु तैयारियां, स्टार रेटिंग का जायजा, स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में नागरिकों की भूमिका पर चर्चा कर श्री डाड ने कहा कि स्वच्छता में नागरिक ही बना सकते हैं, रतलाम को नम्बर-वन।

इसके अलावा आयोजित बैठक में स्वच्छता हेतु नगर निगम द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं का आंकलन किया गया साथ ही शहर के ट्रेंचिग ग्राउण्ड पर स्थित प्रसंस्करण ईकाइयों की बेहतरी हेतु कार्ययोजना बनाये जाने व अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

बैठक में पीआईयू उज्जैन संभाग के आई.सी. एक्सपर्ट डॉ. हिमांशु शुक्ला, टेक्निकल एक्सपर्ट सुशील कनाथे, प्रतीक मिश्रा, उपायुक्त विकास सोलंकी, निशीकान्त शुक्ला, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री अनवर कुरेशी, राजेन्द्र मिश्रा, राजेश पाटीदार, विकाससिंह मरकाम, मनीष तिवारी, सिद्धार्थ सोनी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े आदि उपस्थित थे।

पत्रिका / 18 / 25/02/2021

**सीएम ने की समीक्षा :** बोले- दो दिन बाद फिर बैठक, पाबंदियों पर निर्णय करेगी सरकार

# प्रदेश में अभी नहीं लगेगा लॉकडाउन, नाइट कर्फ्यू पर भी पाबंदी


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


भोपाल. प्रदेश में अभी लॉकडाउन या नाइट कर्फ्यू नहीं लगेगा। आर्थिक गतिविधियों को देखते हुए सरकार ने फिलहाल इन पर पाबंदी लगा दी है। बाद की स्थितियों में कलेक्टरों को लॉकडाउन या नाइट कर्फ्यू के लिए पहले राज्य सरकार से मंजूरी लेनी होगी। इसके बाद सरकार प्रस्ताव पर पूरी स्थिति देखकर फैसला लेगी। बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना समीक्षा के बाद लॉकडाउन अथवा नाइट कर्फ्यू को लेकर स्थिति स्पष्ट कर दी। अभी बालाघाट के नाइट कर्फ्यू के आदेश को भी रोक दिया गया है। सीएम ने तय किया कि जिन जिलों ने कोरोना की स्थिति खराब बताई है, वहां के लिए 26 फरवरी को फिर समीक्षा बैठक होगी। इसमें जिन जिलों ने नाइट कर्फ्यू के प्रस्ताव भेजे हैं, उन पर निर्णय किया जाएगा। -

पत्रिका।



## शिवराज बोले- थोड़ी सी लापरवाही भी पड़ेगी भारी

**शिवराज** ने वीसी के जरिए समीक्षा की। बोले, जिस तरह कोरोना बढ़ रहा है, उससे थोड़ी सी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। कोताही नहीं होनी चाहिए। सीमावर्ती क्षेत्रों के श्रमिक मजदूरी के लिए अन्य राज्यों में जाते हैं, उन्हें मनरेगा में गांव में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

## जिलों में आवाजाही, दुकानों के समय पर होगा मंथन

**महाराष्ट्र** सहित अन्य राज्यों से सटे जिलों में स्क्रीनिंग, एयरपोर्ट पर महाराष्ट्र से आने वाले विमानों पर पाबंदी, दुकानों के बंद होने का समय रात 11 से सुबह 7 बजे तक करने और जिलों के बीच आवाजाही रोकने को लेकर 26 फरवरी की बैठक में फैसला लिया जाएगा।

### ये भी अहम निर्देश

1. महाराष्ट्र व अन्य राज्यों से आने वालों की स्क्रीनिंग हो।
2. हर जिले के प्रभारी आइएएस अधिकारी भी सतर्क रहें।
3. रोको-टोको अभियान फिर फोकस में रख चलाया जाए।
4. क्राइसेस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक कर कदम उठाएं।

**यहां विशेष सावधानी** : सीएम ने कहा, इंदौर, भोपाल, बैतूल, जबलपुर, छिंदवाड़ा जिले में कोरोना के केस बढ़ने से विशेष सावधानी बरती जाए।

प्रसारण / 07 / 25/02/2021

# नगर को पॉलीथीन व डिस्पोजल मुक्त करने हेतु बर्तन व झोला बैंक प्रारंभ



प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

नगर को पॉलीथीन व डिस्पोजल से मुक्त करने हेतु नगर निगम द्वारा अहम कदम उठाते हुए बर्तन बैंक व झोला बैंक की स्थापना की, जिसका उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया ने फीता काटकर किया।

रतलाम नगर को डिस्पोजल से मुक्त करने हेतु मेरी सहेली महिला मंडल के द्वारा सिविक सेन्टर के आई ब्लॉक में बर्तन बैंक का संचालन किया जा रहा है। बर्तन बैंक प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य है कि घरों में होने वाले छोटे-छोटे कार्यक्रम, जन्म दिवस आदि में उपयोग होने वाले डिस्पोजल पर रोक लगाना है नागरिक डिस्पोजल का उपयोग ना करते हुए बर्तन बैंक से बहुत ही कम दर पर थाली, कटोरी, चम्मच इत्यादी प्राप्त कर अपने कार्यक्रम पूर्ण कर सकते जिससे रतलाम नगर डिस्पोजल मुक्त होकर स्वच्छ व सुन्दर होगा।

इसी तरह रतलाम नगर को पॉलीथीन मुक्त बनाने हेतु नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित तेजस्वनी कैफे पर झोला बैंक प्रारंभ किया गया है। नागरिक पॉलीथीन का उपयोग ना करते हुए यहां से बहुत ही कम दर पर पुराने कपड़े से निर्मित झोले (थैली) प्राप्त कर सकते हैं या अपनी आवश्यकतानुसार बनवा सकते है। झोला बैंक का संचालन राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत पंजीकृत तेजस्वी क्षेत्रिय महिला विकास मण्डल द्वारा किया जा रहा है।

प्रसारण।

## निगम आयुक्त द्वारा वार्डो व निगम कार्यालय परिसर का निरीक्षण

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड क्रमांक 1, 7 व 27 का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह भी साथ रहे, वार्डो के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर चेक कर सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वालों पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी देकर रजिस्टर जप्त किये। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रिय नालो में अर्धरात्री में गंदगी फेंकने वालो को चिन्हीत कर कार्यवाही करने व नालियों पर अतिक्रमण सफाई में बाधा पंहुचाने वाले लोगों पर कार्यवाही के साथ मौके पर ही प्रतिबंधित प्लास्टिक जप्ती कार्यवाही करवाते हुए नागरिकों को समझाईश दी गई। निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा शहर में किसी भी प्रकार से स्वच्छता में असहयोग करने वाले नागरिक, दुकानदारों से पेनल्टी व स्पॉट फाईन की कार्यवाही से दण्डित करने को कहा। नगर निगम, छत्रीपुल क्षेत्र में सड़कों पर मजमा लगाकर सामान बेचने वालो को अन्यत्र भेजा जाकर चेतावनी दी। इसी प्रकार दोपहर निगम प्रांगण का दौरा कर अनुपयोगी वाहनों पर चर्चा की इसी के साथ बंद पड़ी फायर गाड़ी को जुगाड से चालू करने की सहमति दी गई। निगम प्रांगण में पड़े कबाड़ को व्यवस्थित करने के साथ अन्य आवश्यक निर्देश दिये गये, निगम का नव निर्मित संपत्तिकर काउन्टर जिसमें आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखकर सुविधायुक्त बनाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह आदि उपस्थित रहे।



# नगंर को पॉलीथिन व डिस्पोजल मुक्त करने के लिए बर्तन व झोला बैंक प्रारंभ

रतलाम। रतलाम नगर को पॉलीथीन व डिस्पोजल से मुक्त करने हेतु नगर निगम द्वारा अहम कदम उठाते हुए बर्तन बैंक व झोला बैंक की स्थापना की जिसका उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया ने फीता काटकर किया। रतलाम नगर को डिस्पोजल से मुक्त करने हेतु मेरी सहेली महिला मंडल के द्वारा सिविक सेन्टर के आई ब्लॉक में बर्तन बैंक का संचालन किया जा रहा है। बर्तन बैंक प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य है कि घरों में होने वाले छोटे-छोटे कार्यक्रम, जन्म दिवस आदि में उपयोग होने वाले डिस्पोजल पर रोक लगाना है नागरिक डिस्पोजल का उपयोग ना करते हुए बर्तन बैंक से बहुत ही कम दर पर थाली, कटोरी, चम्मच इत्यादी प्राप्त कर अपने कार्यक्रम पूर्ण कर सकते जिससे रतलाम नगर डिस्पोजल मुक्त होकर स्वच्छ व सुन्दर होगा।

इसी तरह रतलाम नगर को पॉलीथीन मुक्त बनाने हेतु नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित तेजस्वनी कैफे पर झोला बैंक प्रारंभ किया गया है। नागरिक पॉलीथीन का उपयोग ना करते हुए यहां से बहुत ही कम दर पर पुराने कपड़ो से निर्मित झोले (थैली) प्राप्त कर सकते हैं या अपनी आवश्यकतानुसार बनवा सकते है। झोला बैंक का संचालन राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत पंजीकृत तेजस्वी क्षेत्रिय महिला विकास मण्डल द्वारा किया जा रहा है।

2/5

तेज / १२ / २४/०२/२०२१

## दो सफाई कर्मचारी सेवा से बर्खास्त व एक निलंबित

रतलाम । महू रोड बस स्टैण्ड के निरीक्षण के दौरान गंदगी पाये जाने व कार्य में लापरवाही बरतने पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार 2 अस्थाई सफाई संरक्षकों को सेवा से बर्खास्त किये जाने के साथ ही स्थाई सफाई संरक्षक को निलंबित किया गया। निगम आयुक्त द्वारा महू रोड बस स्टैण्ड के निरीक्षण के दौरान वहां पर पर्याप्त सफाई नहीं होने व गंदगी पाये जाने पर अस्थाई सफाई संरक्षक शिवशंकर पिता अर्जुन व लोकेश को सेवा से बर्खास्त किया गया व स्थाई सफाई संरक्षक सतीश पिता चंदू को निलंबित किया गया।

## आयुक्त ने देखी सफाई, लापरवाही पर 7 कर्मियों का वेतन काटने के दिए आदेश

रतलाम | शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बुधवार को शहर के वार्ड 10, 11 एवं 33 का निरीक्षण किया। कार्य में लापरवाही बरतने पर 7 कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश दिए। जिन्हें नोटिस दिए उनमें राहुल बिड़वान प्रभारी वार्ड 11, राजू कल्याणे प्रभारी वार्ड 10, राजेंद्र फतरोड प्रभारी वार्ड 33, नूर मोहम्मद वाहन चालक द्वारा सफाई में लापरवाही बरतने व वार्ड 10 में बिना सूचना अनुपस्थित सफाई संरक्षक डोली लेखराज, धीरज व दीपक को नोटिस जारी किए हैं और वेतन काटने के निर्देश अधिकारियों को दिए। भास्कर

## 125 दिनों में ठीक किए 147 वॉल्व व 861 पाइप लीकेज

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 125 दिनों में 147 वॉल्व व 861 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है। बुधवार को सखवाल नगर, राम मंदिर के सामने, जवाहर नगर सेव की दुकान के सामने, इंदिरा नगर में पाइप लाइन लीकेज ठीक किए गए। गणगोरिया ऊंकाला मंदिर में ट्यूबवेल से पाइप लाइन फिटिंग का कार्य किया गया। उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैयालाल चौधरी आदि के निर्देशन में की गई।

१५/१५/१०

## 31 व्यक्तियों पर स्पाट फाइन कर 18 किलो पालीथिन जब्त

रतलाम। रतलाम में 50 माइक्रान से कम मोटाई की पालीथिन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। नगर निगम के स्पाट फाइन दल द्वारा ऐसे दुकानदार व सब्जी विक्रेता पर जुर्माना किया जा रहा है। अग्रवाल नमकीन व सोहनलाल चांदनी चौक पर 3000-3000, हेमंत स्टोर, छावनीवाला, बैरागी जनरल स्टोर माणक चौक पर 200-200, राज पेंटर्स, मुकेश अग्रवाल, पारस मसाले, सांवरिया किराना स्टोर माणक चौक, मयूर वाच क्लाथ मार्केट, विशाल बाजना बस स्टैंड, राजूबाई चांदनी चौक और संजय, छावनीवाला, गोविंद, हैदरी जनरल स्टोर, सुनीताबाई, महेश माली माणक चौक, कैलाशीबाई, रमेश, पप्पू, जीतू, कृष्णाबाई, चेतन माली, शेखर, विजय, रेखाबाई, निकिता, राहुल बाजना बस स्टैंड व तीन अन्य पर भी जुर्माना कर 50 माइक्रान से कम मोटाई की पालीथिन उपयोग नहीं करने की समझाइश दी गई।

नईदुनिया।

## बकाया वसूली शिविर आज लक्कड़पीठा में

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम से संबंधित करों को जमा कराने के लिए वार्ड वार बकाया वसूली शिविर को लगाए जा रहे हैं। शिविर 27 मार्च तक लगेंगे।

**आर्य समाज मंदिर धानमंडी में भी लगेगा शिविर:** शिविरों में नागरिक नगर निगम के बकाया संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लाइसेंस शुल्क, विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त, भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगे। वार्ड क्रमांक 21 व 45 के लिए 25 फरवरी को लक्कड़पीठा प्याऊ के पास, वार्ड क्रमांक 48 व 49 के लिए 26 फरवरी व 1 मार्च को आर्य समाज मंदिर धानमंडी में कार्यालयीन समय में बकाया वसूली शिविर लगेगा। नईदुनिया।

पत्रिका / 14 / 25/02/2021

# ज़िला संकट प्रबंधन समूह की बैठक संपन्न

सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

**मास्क नहीं पहनने वालों पर 100 रूपए अर्थदंड**

कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में कोरोना संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के लिए कई निर्णय लिए गए। बैठक में जावरा विधायक राजेंद्र पांडे वर्चुअल रूप से सम्मिलित हुए। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, शहर के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, व्यक्ति तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. शशि गांधी एवं विधायक शहर श्री चैतन्य काश्यप के प्रतिनिधि के रूप में श्री मणिलाल जैन वर्चुअल रूप से बैठक से जुड़े थे।

बैठक में कलेक्टर श्री डाड ने बताया कि कोरोना से प्रभावित राज्य महाराष्ट्र तथा अन्य राज्यों से आने वाले यात्रियों की बॉर्डर पर ही चेकिंग की जाकर थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी। विधायक डा. पांडे द्वारा जिले में कोरोना प्रकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। कलेक्टर ने बताया कि जिले के शहरी क्षेत्रों में कोरोना प्रकरणों में धीमी गति से वृद्धि हो रही है जिससे बचाव किया जाना आवश्यक है। विधायक डा. पांडे द्वारा मास्क अनिवार्य करने तथा स्पॉट फाइन किए जाने संबंधी सुझाव दिए गए। बैठक में बताया गया है कि जिले के संपूर्ण नगरीय क्षेत्रों जिनमें नगर निगम, नगर पालिकाएं, नगर परिषद सम्मिलित है वहां मास्क का उपयोग नहीं किए जाने वालों के विरुद्ध पूर्व की भांति चालानी कार्रवाई की जाकर 100 रूपए स्पॉट फाइन किया जाएगा तथा 2 मास्क दिए जाएंगे। चालानी कार्रवाई के लिए राजस्व, पुलिस तथा निकायों के अधिकारी, कर्मचारी अधिकृत रहेंगे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि मेले अथवा सार्वजनिक आयोजनों के लिए एसडीएम, तहसीलदार द्वारा स्थल निरीक्षण किया जाकर मौका अनुसार एसडीएम द्वारा मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग एवं सैनिटाइजर आदि की अनिवार्यता के साथ अनुमति दी जाएगी। कोरोना से बचाव के लिए लोगों को रात्रि 11 से सुबह 5 बजे तक अतिआवश्यक कार्य हो तभी निकलने की अपील की गई है तथा मास्क, सैनिटाइजर एवं सोशल डिस्टेंसिंग पालन करने हेतु विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों की थर्मल स्केनिंग की जाएगी एवं मास्क नहीं पहनने वालों से 100 रूपए अर्थदंड वसूली हेतु रेलवे के अधिकारियों, कर्मचारियों को अधिकृत किया जाएगा।

बस स्टैंड पर आने वाले प्रत्येक यात्री की थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी तथा सभी बस आपरेटर ध्यान देंगे कि बस में बैठे सभी यात्रियों द्वारा मास्क का उपयोग किया जा रहा है। वैवाहिक समारोह में आने वाले सभी व्यक्ति मास्क का उपयोग करेंगे। कैटरर्स तथा अन्य सरविंग स्टाफ आदि को कोरोना टेस्ट किए जाने पश्चात ही कार्य पर लिया जाएगा। इस बात का विशेष ध्यान संबंधित ठेकेदार द्वारा रखा जाएगा। बैंकों तथा सार्वजनिक स्थानों पर मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा। सभी शासकीय, गैरशासकीय कार्यालयों में मास्क का उपयोग अनिवार्य होगा।

सिंघम - 25

# निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक 10 को

रतलाम. सांसद निधि, विधायक निधि तथा जनभागीदारी योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक 10 मार्च को कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड की अध्यक्षता में होगी। यह बैठक 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रखी गई है। बैठक में तीनों योजनाओं के अप्रारंभ, प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा, पूर्ण कार्यों के लंबित पूर्णता प्रमाण पत्र की समीक्षा तथा निरस्त कार्यों की राशि वसूली की समीक्षा की जाएगी।

पत्रिका

# निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक 10 मार्च को

रतलाम। जिला योजना अधिकारी ने बताया कि सांसद निधि, विधायक निधि तथा जनभागीदारी योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड की अध्यक्षता में 10 मार्च को प्रात: 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रखी गई है। बैठक में तीनों योजनाओं के अप्रारम्भ, प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा, पूर्ण कार्यों के लंबित पूर्णता प्रमाण पत्र की समीक्षा तथा निरस्त रकार्यों की राशि वसूली की समीक्षा की जाएगी।

21C

# निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक 10 मार्च को

रतलाम। जिला योजना अधिकारी ने बताया कि सांसद निधि, विधायक निधि तथा जनभागीदारी योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड की अध्यक्षता में 10 मार्च को प्रात: 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रखी गई है। बैठक में तीनों योजनाओं के अप्रारम्भ, प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा, पूर्ण कार्यों के लंबित पूर्णता प्रमाण पत्र की समीक्षा तथा निरस्त रकार्यों की राशि वसूली की समीक्षा की जाएगी।।

न्यायशील

# निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक 10 मार्च को

रतलाम। जिला योजना अधिकारी ने बताया कि सांसद निधि, विधायक निधि तथा जनभागीदारी योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड की अध्यक्षता में 10 मार्च को प्रात: 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रखी गई है। बैठक में तीनों योजनाओं के अप्रारम्भ, प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा, पूर्ण कार्यों के लंबित पूर्णता प्रमाण पत्र की समीक्षा तथा निरस्त रकार्यों की राशि वसूली की समीक्षा की जाएगी।।

प्रसारण

# राजस्व अधिकारियों की बैठक आज

रतलाम। जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक 25 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। प्रात: 11 बजे से आयोजित होने वाली बैठक में कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा राजस्व वसूली, आरसीएमएस प्रकरणों, जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन, आरबीसी आदि समीक्षा की जाएगी।

न्यायशील

# निर्वाचन सूचना प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण आज

रतलाम | आगामी दिनों में नगरीय निकाय, पंचायत निर्वाचन के संदर्भ में निर्वाचन सूचना प्रबंधन के लिए आईटी प्रभारियों व आईटी सहायकों का प्रशिक्षण नए कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 25 फरवरी को दोपहर 12 बजे से शुरू होगा। एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदारों को निर्देश जारी किए हैं।

भास्कर

नईदुनिया / 03 / 25/02/2021

# सीवरेज प्रोजेक्ट में 13 किमी की लाइन डालना बाकी

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में सीवरेज प्रोजेक्ट का काम अंतिम दौर में है। 136 करोड़ रुपये की लागत के इस प्रोजेक्ट में शहर में करीब 480 किमी लंबी सीवरेज लाइन डाली जाना थी, जिसमें से अब सिर्फ 13 किमी लाइन डालने का काम बचा है। बुधवार को अमृत मिशन योजना सहित अन्य कार्यों की समीक्षा में यह जानकारी निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को सीवरेज निर्माण कंपनी के अधिकारियों ने दी। आयुक्त ने 30 जून तक काम पूरा करने के निर्देश दिए।

सीवरेज प्रोजेक्ट की समीक्षा में पीडीएमसी द्वारा बताया गया कि सैलाना मुख्य मार्ग के सहारे लाइन डालने के लिए एमपीआरडीसी की स्वीकृति नहीं मिल रही है। आयुक्त ने पूर्व के पत्राचार संबंधी नस्ती उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। गुलमोहर कालोनी, राजस्व कालोनी सहित अन्य अड़चन वाले क्षेत्रों को लेकर निगम आयुक्त ने गुलमोहर कालोनी कल्याण समिति के अध्यक्ष बलवंत भाटी, राजस्व कालोनी के तुषार कोठारी सहित क्षेत्रों के नागरिकों से चर्चा कर समस्या का निराकरण किया।

**बैरीकेडिंग कर वैकल्पिक मार्ग चिन्हित करें:** आयुक्त ने निर्देश दिए कि खोदाई से पहले बैरीकेडिंग कर वैकल्पिक मार्ग चिन्हित किया जाए। समय-सीमा में रिस्टोरेशन का कार्य कर कार्य पूर्णता की संभावित दिनांक का बैनर भी लगाया जाए। सीवरेज का कार्य पूर्ण होने पर एसटीपी प्लांट में ट्रीटेड वाटर के रियूज के संबंध में भी चर्चा की गई।

समीक्षा बैठक में अमृत योजना के वाप्कोस कंपनी के मुख्य तकनीकी सलाहकार कृष्ण फड़के, रेसीडेंट इंजीनियर संदीप वाघम, फील्ड इंजीनियर वैभव शर्मा, जयकरुडी इन्फ्राकोन के प्रोजेक्ट इंजीनियर हरेश डामोर, स्ट्राम वाटर ड्रेनेज (नाला) के ठेकेदार नलीन पटेल, उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, निगम कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी व उपयंत्री मौजूद रहे।

**नालों के आसपास खाली जगह में बढ़ाएंगे हरियाली**

आयुक्त ने स्टार्म वाटर ड्रेनेज (नाला) प्रोजेक्ट की प्रगति तथा अवरोधों के संबंध में चर्चा कर कार्य 31 मार्च तक पूर्ण करने व प्रोजेक्ट का संशोधित डीओक्यू शीघ्र तैयार कर शासन को प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए।

दैनिकभास्कर / 16 / 25/02/2021

**संवरेंगे मैदान** • खेल मैदानों की दशा सुधारने की तैयारी में खेल व युवा कल्याण विभाग, भोपाल में अप्रूवल के लिए अफसरों ने भेजा रोडमैप

# क्रिकेट, एथलेटिक्स और फुटबॉल के लिए तैयार होगा नेहरू स्टेडियम का मैदान, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स के लिए सुधरेगी कॉलेज ग्राउंड की हालत, रोडमैप तैयार

## ग्राउंड का बेस सुधारने के लिए भोपाल के अफसरों के साथ होगी मीटिंग

भास्कर संवाददाता | रतलाम

हमारे शहर के खेल मैदानों की खराब हालत अब जल्द सुधरने की उम्मीद जगी है। नेहरू स्टेडियम, कॉलेज ग्राउंड और उत्कृष्ट स्कूल के खेल मैदान की दशा सुधारी जाएगी। इसके लिए अधिकारियों ने रोडमैप बना लिया है। यह रोड मैप अप्रूवल के लिए भोपाल भी भेज दिया है। अब भोपाल से हरी झंडी मिलते ही खेल मैदानों का सुधारने का काम शुरू होगा। खास बात तो यह है कि दोनों मैदानों की हालत खेल व युवा कल्याण विभाग सुधारेगा।

शहर के खेल मैदानों की दशा बिगड़ चुकी है। रेलवे ग्राउंड के नवीनीकरण का काम चल रहा है, वहीं नेहरू स्टेडियम और कॉलेज ग्राउंड का ट्रैक खराब हो चुका है। मैदानों की दशा को लेकर दैनिक भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट भी आपके सामने ला चुका है। इधर, अब खेल व युवा कल्याण विभाग मैदानों की दशा सुधारने की तैयारी में है। इसके लिए विभाग ने रोड मैप बनाया है, इस रोड मैप को एक दिन पहले भोपाल के अधिकारियों को भी बता दिया है। रोड मैप में नेहरू स्टेडियम में क्रिकेट, एथलेटिक्स और फुटबॉल की बेहतर संभावना, एथलेटिक्स और बॉस्केटबॉल के लिए कॉलेज ग्राउंड की हालत सुधारने की तैयारी है, उत्कृष्ट स्कूल के खेल मैदान को हॉकी, एथलेटिक्स के लिए तैयार करने की योजना बताई है। खास तौर पर ग्राउंड का बेस सुधारा जाएगा। इसे लेकर भोपाल के अधिकारियों के साथ जल्द मीटिंग भी होगी। इसके बाद अप्रूवल मिलेगा, अप्रूवल मिलने के बाद काम शुरू हो सकेगा।

भास्कर

**भास्कर लगातार : मुद्दा शहर के खेल मैदानों का**



कॉलेज ग्राउंड, नेहरू स्टेडियम, रेलवे ग्राउंड खेल मैदानों की खराब हालत बताती ग्राउंड रिपोर्ट दैनिक भास्कर ने 19, 20 व 23 फरवरी के अंक में प्रकाशित की।

**लॉन टेनिस : फिर से बनाएंगे एस्टीमेट**

लॉन टेनिस के खिलाड़ियों के लिए भी अच्छी खबर है। टेनिस के मैदान का भी अधूरा पड़ा काम पूरा होगा। 2008 में इसके लिए स्वीकृति मिली थी। 8 लाख रुपए मिलने थे, पहली किस्त में 3.50 लाख रुपए मिले, इसके बाद रुपए नहीं आने से काम रुक गया था। अब ज्वाइंट डायरेक्टर के पास यह मामला पहुंचा है। इसके लिए उन्होंने आज के मूल्य से दोबारा एस्टीमेट बनाने का कहा है।

**रोडमैप को लेकर जल्द मीटिंग होगी**

*शहर के खेल मैदानों के लिए रोड मैप बनाया है। भोपाल दिया है, अब वे अप्रूवल देंगे। रोडमैप को लेकर जल्द मीटिंग भी होने वाली है। उत्कृष्ट स्कूल के मैदान में लेवलिंग का काम कर हॉकी के लिए तैयार करने के प्रयास किए जाएंगे। सुविधा मिलेगी तो, जिले के खिलाड़ी आगे बढ़ेंगे।* **रूबिका देवान**, जिला खेल अधिकारी, रतलाम

राजएक्सप्रेस / 01 / 25/02/2021

# आयुक्त ने वार्डो व निगम कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया



रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड क्रमांक 1, 7 व 27 का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह भी साथ रहे, वार्डों के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर चेक कर सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वालों पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी देकर रजिस्टर जब्त किये।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्रिय नालो में अर्धरात्री में गंदगी फेंकने वालो को चिन्हित कर कार्यवाही करने व नालियों पर अतिक्रमण सफाई में बाधा पंहुचाने वाले लोगो पर कार्यवाही के साथ मौके पर ही प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्ती कार्यवाही करवाते हुए नागरिकों को समझाईश दी गई। निगम आयुक्त द्वारा शहर में किसी भी प्रकार से स्वच्छता में असहयोग करने वाले नागरिक, दुकानदारों से पेनल्टी व स्पॉट फाईन की कार्यवाही से दण्डित करने को कहा। नगर निगम, छत्रीपुल क्षेत्र में सड़को पर मजमा लगाकर सामान बेचने वालो को अन्यंत्र भेजा जाकर चेतावनी दी। इसी प्रकार दोपहर निगम प्रांगण का दौरा कर अनुपयोगी वाहनों पर चर्चा की इसी के साथ बंद पडी फायर गाडी को जुगाड से चालू करने की सहमति दी गई। निगम प्रांगण में पड़े कबाड़ को व्यवस्थित करने के साथ अन्य आवश्यक निर्देश दिये गये, निगम का नव निर्मित संपत्तिकर काउन्टर जिसमें आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखकर सुविधायुक्त बनाने के निर्देश दिये।

राज